कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 की वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा के छूटे/वंचित छात्र/छात्राओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षायें **दिनांकः 09 एवं 10 अप्रैल, 2026** को आयोजित करायी जायेंगी। इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा–2026 हेतु पूर्व में निर्गत आदेशों के क्रम में सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित करायी जायेंगी।

यदि किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा छूटी हो, तो उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा उनके ही विद्यालय में तथा एकल रूप से कहीं–कहीं छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक/क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित किये गये प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र पर करायी जायेंगी।

इस सन्दर्भ में छूटे/वंचित छात्र/छात्रा अपने पंजीकृत विद्यालय/जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु निर्धारित किये गये केन्द्र/विद्यालय पर निर्धारित तिथि को परीक्षा में सम्मिलित हों।

ध्यान रहें कि इसके पश्चात् प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

4/4/26
(भगवती सिंह)
सचिव

पृष्ठाकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 1769(1-6) दिनांक–04.04.2026

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित होने के दृष्टिगत इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
(2) महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उ०प्र०, लखनऊ।
(3) शिक्षा निदेशक (मा०) एवं सभापति, मा०शि०प०, शिविर कार्यालय, पार्क रोड़, लखनऊ।
(4) मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
(5) अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि प्रयोगात्मक परीक्षा की उपरोक्त तिथियों का प्रचार–प्रसार करते हुए उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
(6) जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से जनपद के सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि एवं जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना सम्बन्धी विज्ञप्ति अनिवार्य रूप से प्रसारित करायें तथा निर्धारित तिथि को प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में सुनिश्चित करायें।

4/4/26
(भगवती सिंह)
सचिव

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website- upmsp.edu.in
Email- upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh

कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

अवि0पत्रांक : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 1770 दिनांक : 04.04.2026

अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।

इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा–2026 प्रथम चरण में दिनांक 24 जनवरी, 2026 से 01 फरवरी, 2026 तक तथा द्वितीय चरण में दिनांक 02 फरवरी, 2026 से 09 फरवरी, 2026 तक आयोजित की गयी। उक्त समयावधि में कुछ विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएँ अवशेष रहने तथा ऑनलाइन अंक अपलोड न होने के दृष्टिगत, प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि दिनांक 13 फरवरी, 2026 तक विस्तारित की गयी थी।

2– बाह्य परीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के प्राप्तांक अपलोड किए जाने के उपरान्त भी 652 विद्यालयों/प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्रों के आन्तरिक परीक्षकों द्वारा विद्यालय लॉगइन के माध्यम से कुल 34,673 छात्र/छात्राओं की 68,202 उत्तर पुस्तिकाओं के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं (सूची संलग्न)। इस हेतु परिषद की वेबसाइट दिनांक 06 एवं 07 अप्रैल, 2026 को सक्रिय की जाती है। तदनुसार अवशेष प्राप्तांक नियत तिथियों में प्रत्येक दशा में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

3– इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा के छूटे/वंचित छात्र/छात्राओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षायें दिनांकः 09 एवं 10 अप्रैल, 2026 को आयोजित करायी जायेंगी। तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाओं से संबंधित परीक्षार्थियों की विषयवार सूचनाएँ जिला विद्यालय निरीक्षकों/विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से संकलित कर ली जाए। तदनुसार उनके लिए विषयवार परीक्षक नियुक्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की छूटी हुई परीक्षा को विद्यालय स्तर पर तथा कहीं–कहीं एकल रूप से छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षा जनपद मुख्यालय स्तर पर आयोजित कराई जाए। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ करते हुए निर्धारित तिथि को मुख्य परीक्षा की भाँति सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में इन छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाओं का संचालन कराने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। छूटे हुये परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा के आयोजनोपरान्त उनके प्राप्तांक ऑफलाइन माध्यम से परीक्षकों से प्राप्त कर सम्बंधित कम्प्यूटर फर्म को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

4/4/26

(भगवती सिंह)

सचिव